# प्रसार भारती

## आकाशवाणी केन्द्र शिमला

**01.09.2024** **1945बजे**

**'' मुख्य समाचार''**

- मुख्यमंत्री ने प्रदेश में आर्थिक संकट से किया इन्कार– कहा– राज्य को समृद्ध बनाने के लिए सरकार उठा रही कदम।
- सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के अनुसार केंद्र सरकार के प्रयासों से डिजिटल लेन–देन में दुनिया का सबसे बडा प्लेटफॉर्म बना यूपीआई।
- राष्ट्रीय पोषण माह आज से शुरू– देश व प्रदेश भर में 30 सितंबर तक होंगे कई जागरूकता कार्यक्रम।
- भाजपा ने प्रदेश कांग्रेस सरकार के 20 महीने के कार्यकाल को बताया निराशाजनक।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने प्रदेश में किसी भी प्रकार के आर्थिक संकट से इनकार किया है। शिमला में आज एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि प्रदेश को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने के लिए सरकार सुधारात्मक कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पहले ही दिन से अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कार्य किए हैं जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार व्यवस्थित ढंग से वित्तीय व्यवस्था को ठीक करने का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने अपना, मंत्रियों और मुख्य संसदीय सचिवों का वेतन व भत्ते रोकने का फैसला वित्तीय सुधारात्मक कदम के चलते लिया था जिसका राजनीतिकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने हिमाचल प्रदेश को वर्ष 2027 तक आत्मनिर्भर और वर्ष 2032 तक देश का समृद्ध राज्य बनाने का लक्ष्य रखा है।

**प्रदर्शनी**

इस बीच मुख्यमंत्री ने शिमला के गेयटी थियेटर में मास्टर्स यूनिवर्स प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। ये प्रदर्शनी प्रसिद्ध रूसी कलाकार, विचारक और शांति के अग्रदूत निकोलस रोरिक की एक सौ 50वीं जयंती के अवसर पर आयोजित की गई है। इस मौके पर मुख्यमंत्री

ने निकोलस रोरिक के कलाकार, लेखक और विचारक के रूप में अमूल्य योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि रोरिक ने प्रदेश विशेष रूप से कुल्लू घाटी की समृद्ध परंपराओं को प्रोत्साहन देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार नग्गर स्थित अंतर्राष्ट्रीय रोरिक मैमोरियल ट्रस्ट को और अधिक सुदृढ़ करेगी।

**अनुराग ठाकुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि केंद्र सरकार के प्रयासों से भारत का यूनिफाईड पेमेंट इंटरफेस यानि यू.पी.आई. डिजिटल लेन–देन में दुनिया का सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म बना है। एक बयान में उन्होंने कहा कि यू.पी.आई. ने भारत में डिजिटल लेन–देन को अत्यंत सुगम बना दिया है। आंकड़ों का हवाला देते हुए अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि यू.पी.आई. के माध्यम से अप्रैल से जुलाई के बीच 81 लाख करोड़ रूपए का लेन–देन हुआ है। उन्होंने कहा कि यू.पी.आई. सिस्टम ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच वित्तीय सेवाओं में अंतर को पाटने में भी मदद कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत द्वारा विकसित मंच आज दुनिया के लिए मॉडल बन रहे हैं और यूपीआई ने पूरी दुनिया के लिए वित्तीय समावेशन प्लेटफॉर्म के रूप में अपनी सशक्त पहचान बनाई है।

**महानिदेशक**

भारतीय सूचना सेवा की वरिष्ठ अधिकारी डॉक्टर प्रज्ञा पालीवाल गौड़ ने आज नई दिल्ली में आकाशवाणी के समाचार सेवा प्रभाग में महानिदेशक का पदभार संभाल लिया है। उन्होंने सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत अपने 33 वर्ष के कार्यकाल के दौरान विभिन्न पदों पर सेवाएं दी हैं।

**पोषण माह**

राष्ट्रीय पोषण माह आज से मनाया जा रहा है। 30 सितम्बर तक चलने वाले इस अभियान के तहत प्रदेश के भविष्य को स्वस्थ और सशक्त बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। पोषण अभियान के अन्तर्गत 6 वर्ष की आयु वर्ग तक के बच्चों में कुपोषण, अनिमिया व कम वजन और किशोरियों, गर्भवती महिलाओं व धात्री माताओं की समस्याओं का निराकरण करने की दिशा में कार्य किए जाएंगे। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग व आयुष विभाग के समन्वय से जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा। पोषण माह हर वर्ष एक से 7 सितंबर तक मनाया जाता है। इस वार्षिक कार्यक्रम की शुरुआत वर्ष 1982 में महिला व बाल

विकास मंत्रालय के खाद्य व पोषण बोर्ड द्वारा की गई थी। इधर प्रदेश में भी राष्ट्रीय पोषण माह के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**भाजपा**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली प्रदेश कांग्रेस सरकार पूरी तरह से दिशा विहीन हो चुकी है। नाहन में आज पार्टी के एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि 20 महीने के कार्यकाल में कांग्रेस सरकार ने प्रदेश को हर स्तर पर नुकसान पहुंचाने का कार्य किया है। राजीव बिंदल ने कहा कि कांग्रेस सरकार आम जनता को जहां मंहगाई का तोहफा दे रही है वहीं अपने मित्रों को सरकारी खजाने से माला माल कर रही है। उन्होंने कांग्रेस को जनविरोधी पार्टी करार दिया और कहा कि इसके विपरीत भाजपा गरीब कल्याण और राष्ट्र विकास का लक्ष्य लेकर चलने वाली पार्टी है।

**कृषि मंत्री**

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि युवा पीढ़ी के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए प्रदेश सरकार शिक्षा क्षेत्र में व्यापक सुधार कर रही है। कांगड़ा जिले में ज्वाली क्षेत्र के पलोहड़ा में आज एक खेल प्रतियोगिता के शुभारंभ पर उन्होंने कहा कि बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में चरणबद्ध तरीके से राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूल खोले जा रहे हैं। कृषि मंत्री ने कहा कि सरकारी स्कूलों में बच्चों की घटती संख्या गंभीर चिंता का विषय है और स्कूली अध्यापकों सहित पंचायत प्रतिनिधियों को इस दिशा में चिंतन करने की जरूरत है।

**सीपीएस**

मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने सोलन जिले के भूमति में आज खंडस्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में 28 स्कूलों के चार सौ से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। संजय अवस्थी ने युवाओं से पढ़ाई के साथ–साथ खेल गतिविधियों में भी बढ़–चढ़ कर भाग लेने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और अनुशासन सीखाती हैं।

दूसरी ओर बैजनाथ क्षेत्र के कृष्णानगर में मुख्य संसदीय सचिव किशोरी लाल ने छात्राओं की खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विद्यार्थियों

को बेहतर गुणात्मक शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए कृतसंकल्प है। किशोरी लाल ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि पढ़ाई और खेल को नियमित समय दें ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके।

## निधन

आकाशवाणी केंद्र शिमला के पूर्व सहायक निदेशक कार्यक्रम राजकुमार शर्मा का आज बिलासपुर स्थित उनके पैतृक गांव मंडलऊ में निधन हो गया। वे 64 वर्ष के थे और पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उन्होंने अपना व्यवासायिक जीवन भाषा कला विभाग से रंगमंच मैनेजर के रूप में शुरू किया और बाद में वे यूपीएससी की परीक्षा पास कर आकाशवाणी में बतौर कार्यक्रम अधिकारी नियुक्त हुए। राजकुमार शर्मा ने अपने जीवन काल में आकाशवाणी के कई केंद्रों में अपनी उत्कृष्ट सेवाएं दी। वे रंगमंच से भी जुड़े थे और आकाशवाणी के नाटक विधा के ए–ग्रेड के कलाकार रहे। राजकुमार शर्मा के निधन से प्रदेश के नाटय कलाकारों में भी शोक की लहर है। आकाशवाणी केंद्र शिमला के अधिकारियों व कर्मचारियों ने उनके निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

## कर्मचारी

प्रदेश के कर्मचारियों के लंबित डीए, एरियर व अन्य मुददों को लेकर आज शिमला में हिमाचल प्रदेश कर्मचारी महासंघ की आम सभा आयोजित की गई। इस दौरान महासंघ ने आगामी रणनीति को लेकर विचार–विमर्श किया। महासंघ का आरोप है कि प्रदेश सरकार कर्मचारियों की अनदेखी कर रही है और उनकी मांगों को अनसुना किया जा रहा है। कर्मचारी नेता हीरा लाल वर्मा ने राज्य सरकार को सचिवालय कर्मचारियों से मांगों को लेकर वार्ता करने की भी सलाह दी है।

## मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज हल्के बादल छाए हुए हैं। राज्य के कई स्थानों पर पिछले कुछ दिनों के दौरान सुबह–शाम के तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की जा रही है। वहीं, मौसम विभाग ने तीन सितंबर को फिर से भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान प्रदेश के कुछ स्थानों पर मूसलाधार बारिश की संभावना है।

**महोत्सव**

प्रदेश में धार्मिक–सांस्कृतिक पर्यटन को नई दिशा देने के लिए ऊना जिले के अंब में 14 से 16 सितंबर तक माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां की जा रही है। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार महोत्सव की शुरूआत एक भव्य शोभायात्रा के साथ होगी और महोत्सव के दौरान कई सांस्कृतिक व खेल गतिविधियां भी करवाई जाएंगी। इसके अलावा विभिन्न विभागों के प्रदर्शनी स्टॉल भी लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार श्रीचिंतपूर्णी मंदिर के सौदर्यीकरण के लिए करीब दो सौ 50 करोड़ रूपए का निवेश भी करने जा रही है।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- मुख्यमंत्री ने प्रदेश में आर्थिक संकट से किया इन्कार– कहा– राज्य को समृद्ध बनाने के लिए सरकार उठा रही कदम।
- सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के अनुसार केंद्र सरकार के प्रयासों से डिजिटल लेन–देन में दुनिया का सबसे बडा प्लेटफॉर्म बना यूपीआई।
- राष्ट्रीय पोषण माह आज से शुरू– देश व प्रदेश भर में 30 सितंबर तक होंगे कई जागरूकता कार्यक्रम।
- भाजपा ने प्रदेश कांग्रेस सरकार के 20 महीने के कार्यकाल को बताया निराशाजनक।